भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 361

उत्तर देने की तारीख 19 जुलाई, 2022

28 आषाढ़, 1944 (शक)

पश्चिम बंगाल से प्राप्त प्रस्ताव

361. श्री सौमित्र खान :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल से युवा मामलों और खेल संबंधी कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और ऐसे प्रत्येक प्रस्ताव के अंतर्गत लागत/व्यय कितना है;

(ख) उनमें से अब तक स्वीकृत किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और ये किस विषय से संबंधित है;

(ग) उन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है जो आज की तिथि में केंद्रीय स्तर पर अनुमोदनार्थ लंबित हैं;

(घ) क्या मुकदमों के लंबित रहने से वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में देरी होने और इन प्रस्तावों की लागत में वृद्धि होने की आशंका है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ड.) : पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय में पश्चिम बंगाल सरकार से केवल एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ । इस प्रस्ताव का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	प्रस्ताव	अनुमानित लागत (करोड़ रु.)
1.	खेलो इंडिया स्कीम के 'खेल अवसंरचना का उपयोग और निर्माण' घटक के तहत : विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगण, साल्ट लेक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में ग्रास एमबैंकमेंट गैलरियों से युक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैदान का निर्माण	20.53

देशभर से खेलो इंडिया स्कीम के तहत अत्यधिक संख्या में खेल अवसंरचना परियोजनाओं के प्रस्ताव प्राप्त होने और बजटीय बाध्यताओं के कारण उक्त प्रस्ताव पश्चिम बंगाल सरकार को लौटा दिया गया ।

****